# सिनेमाघरों में उमड़ रही भारी भीड़

## स्वतंत्रता दिवस सप्ताहांत की तुलना में 40 फीसदी ज्यादा




रोशनी शेखर

सिनेमाघरों (मल्टीप्लेक्स कंपनियों) को इस साल दशहरा के दौरान बेहतर कारोबार होने की उम्मीद है। लोग भी बड़ी तादाद में सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं। कुछ सिनेमाघर लगभग दर्शकों से भरे हैं तो कई सिनेमाघरों में फिल्मों का लुत्फ उठाने के लिए आने वाले लोगों की तादाद तीन गुना तक बढ़ गई है।

मल्टीप्लेक्स कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि सिनेमा प्रेमियों के पास देखने के लिए कई फिल्मों के विकल्प मौजूद हैं जिनमें ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा: चैप्टर 1' और धर्मा प्रोडक्शंस 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' शामिल हैं, जो गुरुवार को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुईं। इनके साथ ही 'इडली कडाई' (तमिल और तेलुगु भाषा), 'मारिया' (तमिल भाषा), 'वडा पाव' (मराठी भाषा) और 'निक्का ज़ैलदार 4' (पंजाबी भाषा) जैसी क्षेत्रीय फिल्में विभिन्न शैलियों के दर्शकों को आकर्षित कर रही हैं।

मूवीमैक्स सिनेमाज के प्रोग्रामिंग और रणनीतिक पहल के प्रमुख आशीष पांडे ने कहा कि इस त्योहारी सप्ताहांत पर स्वतंत्रता दिवस के लंबे सप्ताहांत (14 अगस्त को रिलीज हुई फिल्मों) की तुलना में गुरुवार को 35-40 प्रतिशत अधिक लोग गुरुवार को सिनेमाघरों तक आए थे।

पीवीआर आईनॉक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजस्व एवं संचालन, गौतम दत्ता ने कहा, 'गुरुवार को कई खास फिल्मों के प्रदर्शन के साथ लंबे सप्ताहांत की शुरुआत हो रही है। दर्शकों के पास इन फिल्मों को देखने का शानदार अवसर है। ऋषभ शेट्टी की बहुप्रतीक्षित 'कांतारा: चैप्टर 1' से लेकर नई पीढ़ियों के लिए बनी सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी जैसी फिल्में रचनात्मक महत्त्वाकांक्षी और सांस्कृतिक प्रासंगिकता के एक अद्भुत मिश्रण को दर्शाती है।'

भारत की सबसे बड़ी मल्टीप्लेक्स कंपनी पीवीआर आईनॉक्स को उम्मीद है कि इस त्योहारी सप्ताहांत में उसके सिनेमाघर दर्शकों से खचाखच भरे रहेंगे। कंपनी ने कहा कि इससे पहले अलावा अक्षय कुमार अभिनीत जॉली एलएलबी 3, ईशान खट्टर अभिनीत 'होमबाउंड', अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो अभिनीत हॉलीवुड की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर', 'शिन-चान: द स्पाइसी कसुकाबे डांसर' और डीमन स्लेयर: कीमेटसू नो याइबा द मूवी: इन्फिनिटी कैसल जैसी एनिमे फिल्मों को बड़ी संख्या में लोग देखने आ रहे हैं। दत्ता ने उल्लेख किया कि वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही दर्शकों के लिए उपलब्ध विभिन्न प्रकार की सामग्री के कारण एक मजबूत तिमाही होने की उम्मीद है। इसी तरह, मुक्ता ए2 सिनेमाज और मिराज एंटरटेनमेंट सिनेमाघरों में पिछले साल दशहरा की अवधि की तुलना में लगभग 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

सामान्य सप्ताहांत की तुलना में त्योहारी सप्ताहांत में अधिक भीड़ आने के साथ मुक्ता ए2 सिनेमाज ने अपनी दर्शकों की संख्या में लगभग 1.5 से 2.0 गुना वृद्धि दर्ज की है। इस बीच, पांडे ने कहा कि मूवीमैक्स के लिए पिछले वर्ष की तुलना में इस दशहरा पर दर्शकों की संख्या लगभग 2.5 से 3.0 गुना अधिक है।

न केवल महानगरों बल्कि मझोले और छोटे शहरों में भी इस त्योहारी अवधि में अधिक बुकिंग देखी जा रही है। मुक्ता ए2 सिनेमाज के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सात्विक लेले ने कहा कि वडोदरा, समस्तीपुर और नाचारम जैसे शहरों से सिनेमाघरों में काफी भीड़ उमड़ने की खबरें आ रही हैं जबकि महानगरों में मुक्ता ए2 सिनेमाज के सिनेमाघरों में ठीक-ठाक भीड़ है। इससे साबित हो रहा है कि कैसे शहरी और क्षेत्रीय दोनों दर्शक त्योहारी पर प्रदर्शित होने वाली फिल्मों के लिए समान रूप से उत्साहित हैं।

मिराज एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक भुवनेश मेंदिरत्ता ने कहा, 'छुट्टी की वजह से लोगों को अधिक समय मिल रहा है। हम न केवल महानगरों में बल्कि छोटे शहरों में भी बड़े समूहों और परिवारों को आते देख रहे हैं। यहां तक कि सुबह के शो भी खूब देखे जा रहे हैं जो आम तौर पर सामान्य सप्ताहांत में नहीं होता है।'

# एच–1बी वीजा: अमेरिका के निशाने पर अब ओपीटी


यश कुमार सिंघल

**अमेरिका** प्रशासन ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी) कार्यक्रम से गुजर रहे विदेशी छात्रों का औचक निरीक्षण और साइट चेक कर रहा है। यह कदम रिपब्लिकन सीनेटर जिम बैंक्स द्वारा 'अमेरिकन टेक वर्कफोर्स एक्ट' पेश किए जाने के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें ओपीटी प्रणाली को समाप्त करने का प्रस्ताव था। चूंकि मौजूदा एच-1बी वीजा और ओपीटी मामले में सरकार के खिलाफ हंगामा बढ़ रहा है, इसलिए ओपीटी से गुजर रहे भारतीय छात्रों पर कड़ी नजर रखी जा रही है क्योंकि ओपीटी कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय छात्रों को एफ-1 वीजा पर अमेरिका में अस्थायी अवधि के लिए काम करने की अनुमति देता है। कई भारतीय छात्र विशेष रूप से एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) क्षेत्रों में एच-1बी वीजा के लिए आवेदन करने से पहले व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए ओपीटी का उपयोग करते हैं।

### ओपीटी करने वाले छात्र (प्रतिशत में)

| वर्ष | भारत | चीन | वर्ष | भारत | चीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 2006-07 | 22.12 | 14.82 | 2015-16 | 28.70 | 35.39 |
| 2007-08 | 19.11 | 13.60 | 2016-17 | 32.52 | 34.06 |
| 2008-09 | 22.35 | 12.33 | 2017-18 | 37.05 | 32.28 |
| 2009-10 | 28.99 | 16.23 | 2018-19 | 37.94 | 31.39 |
| 2010-11 | 32.44 | 17.45 | 2019-20 | 36.31 | 31.93 |
| 2011-12 | 31.40 | 21.60 | 2020-21 | 36.10 | 32.06 |
| 2012-13 | 29.32 | 25.25 | 2021-22 | 36.91 | 27.71 |
| 2013-14 | 26.13 | 31.51 | 2022-23 | 34.74 | 27.73 |
| 2014-15 | 24.43 | 35.84 | 2023-24 | 40.18 | 25.35 |

ओपीटी करने वालों में भारतीय छात्रों की हिस्सेदारी 2006–07 में 22.12 फीसदी से लगभग दोगुनी होकर 2023–24 में 40 फीसदी से अधिक हो गई है। इस बीच, भारतीयों को वित्त वर्ष 2023–24 (अक्टूबर–सितंबर) में अमेरिका द्वारा जारी किए गए एच–1बी वीजा का 68.58 फीसदी प्राप्त हुआ।




### एसटीईएम-ओपीटी करने वाले

| वर्ष | भारत | चीन | अन्य |
|---|---|---|---|
| 2017 | 55.48 | 24.45 | 20.08 |
| 2018 | 59.43 | 21.78 | 18.79 |
| 2019 | 57.16 | 22.32 | 20.52 |
| 2020 | 50.36 | 24.59 | 25.05 |
| 2021 | 44.79 | 25.00 | 30.21 |
| 2022 | 43.79 | 23.29 | 32.93 |
| 2023 | 39.06 | 23.65 | 37.29 |
| 2024 | 47.93 | 20.42 | 31.65 |

2024 में एसटीईएम ओपीटी में हिस्सा लेने के लिए मंजूरी प्राप्त करने वाले लगभग 48 प्रतिशत छात्र भारतीय थे।

# जुबिन गर्ग के प्रबंधक और महोत्सव आयोजक पर हत्या का आरोप

**असम** पुलिस ने सिंगापुर में गायक जुबिन गर्ग की मौत के सिलसिले में उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा और महोत्सव के आयोजक श्यामकानु महंत पर हत्या का आरोप लगाया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। शर्मा और महंत को बुधवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था।

असम पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के विशेष पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि गुवाहाटी की एक अदालत ने दोनों आरोपियों को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया, जिसके बाद उनसे पूछताछ जारी है।

गुप्ता ने कहा, 'जांच जारी है और मैं ज्यादा जानकारी साझा नहीं कर सकता। हमने अब प्राथमिकी में बीएनएस की धारा-103 जोड़ दी है।' भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा-103 हत्या के लिए सजा से संबंधित है। इसमें हत्या के दोषी व्यक्ति को उम्रकैद या मौत की सजा और जुर्माने से दंडित किए जाने का प्रावधान है।

पुलिस ने बुधवार को बताया था कि शर्मा और महंत पर गैर-इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश व लापरवाही से मौत के लिए जिम्मेदार होने के आरोप में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। **भाषा**

**पीओके में हिंसा**

# शरीफ ने जताई चिंता

**पाकिस्तान** के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को 'गहरी चिंता' व्यक्त की है। उन्होंने हिंसक विरोध प्रदर्शनों को समाप्त करने के वास्ते समाधान खोजने के लिए गठित वार्ता समिति का विस्तार किया है। जम्मू कश्मीर ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) और पीओके तथा संघीय सरकार के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा उठाए मुद्दों को हल करने में नाकाम रहने के बाद जेकेजेएएसी ने तीन दिन की हड़ताल की। इसके बाद शरीफ ने यह कदम उठाया। 'द न्यूज' की एक खबर के मुताबिक, पीओके में जारी प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 6 नागरिकों और 3 पुलिस कर्मियों की मौत हुई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनों में लगभग 172 पुलिस कर्मी जख्मी हुए, जिनमें से 12 की हालत गंभीर बताई गई है। अखबार ने यह भी बताया कि हिंसक प्रदर्शनों के दौरान लगभग 50 नागरिक भी घायल हुए। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया कि शरीफ ने 'विरोध प्रदर्शनों के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं पर गहरी चिंता' व्यक्त करते हुए मामले की पारदर्शी जांच के आदेश दिए हैं। शरीफ ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को प्रदर्शनकारियों के साथ संयम के साथ बर्ताव करने का भी निर्देश दिया है।

IDBI BANK

**आईडीबीआई बैंक लिमिटेड**
नकदी प्रबंधन सेवाएं (सीएमएस) परिचालन
एनेक्स बिल्डिंग, 6ठी मंजिल, प्लॉट नंबर 39/40/41, सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई 400614

**प्रस्ताव के लिए अनुरोध**
**चेक पिकअप और संबंधित गतिविधियों हेतु वेंडर की नियुक्ति**
**निविदा संदर्भ: आईडीबीआई सीएमएस / चेक 2025/01 दि. 3 अक्टूबर 2025**

अखिल भारतीय स्तर पर चेक पिकअप एवं संबंधित गतिविधियों के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. निविदाएं 27 अक्टूबर 2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती हैं. इस संबंध में आगे कोई भी शुद्धि पत्र केवल बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा समाचार पत्रों में अलग से कोई सूचना जारी नहीं की जाएगी. कृपया विस्तृत विवरण एवं फॉर्मेट के लिए बैंक की वेबसाइट www.idbi.bank.in देखें.

**उप महाप्रबंधक**
**सीएमएस-परिचालन**

nuvama

**सार्वजनिक सूचना**

यह निवेशकों के ध्यान में लाया जाता है कि **busybhai** नाम के कुछ अज्ञात व्यक्ति, अन्य लोगों के साथ मिलकर, नुवामा का हिस्सा होने का गलत दावा करके जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उन्हें ठगा जा सके। ये अज्ञात व्यक्ति **algo.busybhai.com** जैसी अनधिकृत वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन तथा अन्य कुटिल तरीकों से यह आभास दे रहे हैं कि वे **नुवामा** से जुड़े हुए हैं.

कृपया सूचित किया जाता है कि **नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड** और उसकी अधीनस्थ कंपनियाँ/ ग्रुप कंपनियाँ उक्त व्यक्तियों / प्लेटफॉर्म के साथ किसी भी तरह से संलग्न, जुड़ी या संबंधित नहीं हैं. हम उनके व्यावसायिक प्रचालनों, गतिविधियों या उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रतिनिधित्व में शामिल नहीं हैं. **नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और उसकी अधीनस्थ कंपनियाँ/ ग्रुप कंपनियाँ उक्त व्यक्तियों के व्दारा कभी भी किसी सुनिश्चित या गारंटी के साथ रिटर्न का वादा या पेशकश नही करेंगी. या व्हाट्सएप जैसे किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से निवेशकों तक नही पहुंचेंगी**.

निवेशकों को एतद्द्वारा सख्ती से सलाह दी जाती है कि वे ऐसे किसी भी अनधिकृत उत्पाद/योजना में भाग न लें या उसकी सदस्यता न लें. **नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड** और उनकी अधीनस्त कंपनियों/ ग्रुप कंपनियों या उसके कर्मचारियों का रूप धरनेवाले ऐसे व्यक्तियों/प्लेटफॉर्म के साथ व्यवहार करते हुए उचित सतर्कता बरतें और सावधानी का पालन करें ऐसे अनधिकृत संचार/व्यक्तियों/प्लेटफ़ॉर्म के साथ, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनियों/समूह कंपनियों या इसके कर्मचारियों का प्रतिरूपण करना। सलाह दी जाती है कि उक्त व्यक्तियों/प्लेटफॉर्म्स के साथ किसी भी तरह से बिना उचित सत्यापन किए जानबूझकर लेनदेन करनेवाला कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम, खर्च और परिणाम पर ऐसा करेगा.

यदि आपके मन में कोई शंका है या सत्यापन करने की आवश्यकता है तो कृपया हमसे हमारे अधिकृत चैनल्स के माध्यम और मदद कक्ष (हेल्पडेस्क) १८००–१०२–३३३५ और helpdesk@nuvama.com से सीधे संपर्क करें.

**नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड के लिए**

**THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.**

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

(Please scan this QR Code to view the Draft Red Herring Prospectus)

**PHYCHEM TECHNOLOGIES LIMITED**

Our Company was originally incorporated as "Phychem Technologies Private Limited", a private limited company under the Companies Act, 1956, in Maharashtra, Mumbai, pursuant to a Certificate of Incorporation dated June 13, 2013, issued by the Registrar of Companies, Mumbai. Further, by way of a Special Resolution passed by the shareholders at the Extra-Ordinary General Meeting held on August 02, 2025, our Company was converted into a public limited company, and consequently, its name was changed from "Phychem Technologies Private Limited" to "Phychem Technologies Limited". A fresh Certificate of Incorporation consequent upon conversion from private company to public company was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre, on August 18, 2025. The Corporate Identity Number (CIN) of our Company is U36109MH2013PLC244466. For further details, please refer to the chapter titled "History and Corporate Structure" beginning on page 138 of the Draft Red Herring Prospectus.

**Registered Office:** Gat No. 172, Khatwad, Dindori, Nashik, Maharashtra, India – 422004.
**Tel. No.:** +91-9518720873, E-mail: cs@phychem.com; Website: www.phychem.com
**Contact Person:** Pooja Sharma, Company Secretary & Compliance Officer ; **CIN:** U36109MH2013PLC244466

**OUR PROMOTERS: UMAKANT SAVADEKAR, ULKA UMAKANT SAVADEKAR, NIVRUTTI SONU SAVDEKAR, VIJAYA NIVRUTTI SAVDEKAR**

**"THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF BSE ("BSE SME").**

**THE ISSUE**

**INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 27,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF PHYCHEM TECHNOLOGIES LIMITED ("OUR COMPANY" OR "PTL" OR "THE ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹[●] LAKHS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH [●] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ [●] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF [●] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UPTO ₹ [●] LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.37% AND [●] % RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**THE PRICE BAND AND THE MINIMUM BID LOT WILL BE DECIDED BY OUR COMPANY IN CONSULTATION WITH THE BRLM AND WILL BE ADVERTISED IN ALL EDITION OF [●] (A WIDELY CIRCULATED ENGLISH NATIONAL DAILY NEWSPAPER) AND ALL EDITION OF [●] (A WIDELY CIRCULATED HINDI NATIONAL DAILY NEWSPAPER, AND MARATHI EDITION OF [●], REGIONAL NEWSPAPER OF NASHIK WHERE OUR REGISTERED OFFICE IS LOCATED), AT LEAST TWO WORKING DAYS PRIOR TO THE BID/ISSUE OPENING DATE AND SHALL BE MADE AVAILABLE TO THE SME PLATFORM OF BSE ("BSE SME ") FOR THE PURPOSES OF UPLOADING ON THEIR WEBSITE.**

In case of any revision in the Price Band, the Bid/Issue Period shall be extended for at least three additional Working Days after such revision of the Price Band, subject to the total Bid/Issue Period not exceeding ten working days. In cases of force majeure, banking strike or similar circumstances, our Company, for reasons to be recorded in writing extend the Bid/Issue Period for a minimum of one working day, subject to the Bid/Issue Period not exceeding ten working days. Any revision in the Price Band, and the revised Bid/Issue Period, if applicable, shall be widely disseminated by notification to the Stock Exchanges by issuing a press release and also by indicating the change on the website of the BRLM and at the terminals of the Members of the Syndicate and by intimation to Designated Intermediaries and Sponsor Bank.

The Issue is being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations, as amended, wherein not more than 50% of the Net Issue shall be allocated on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs", the "QIB Portion"), provided that our Company may, in consultation with the Book Running Lead Managers, allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations ("Anchor Investor Portion"), of which one-third shall be reserved for domestic Mutual Funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds at or above the Anchor Investor Allocation Price. In the event of under-subscription, or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the Net QIB Portion. Further, 5% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis only to Mutual Funds, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIBs, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining Net QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders (of which one third of the Non-Institutional Portion shall be reserved for Bidders with an application size of more than two lots and up to such lots equivalent to not more than ₹10 lakhs and two-thirds of the Non-Institutional Portion shall be reserved for Bidders with an application size exceeding ₹ 10 lakhs) and under-subscription in either of these two sub-categories of Non-Institutional Portion may be allocated to Bidders in the other subcategory of Non-Institutional Portion, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price and not less than 35% of the Net Issue shall be available for allocation to Individual Bidders in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) are required to mandatorily utilize the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of Individual Bidders using the UPI Mechanism, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, see "Issue Procedure" beginning on page 243 of the Draft Red Herring Prospectus.

This public announcement is made in compliance with the provisions of Regulation 247(2) of the SEBI ICDR Regulations, to inform the public that our Company is proposing to undertake, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, an initial public offer of its Equity Shares of face value of ₹ 10 each pursuant to the Issue and the Draft Red Herring Prospectus dated September 30, 2025 has been filed with the BSE SME on September 30, 2025. The Draft Red Herring Prospectus filed with BSE SME shall be made public, for comments, if any, for a period of at least 21 days from the date of filing, by hosting it on the website of BSE SME at https://www.bsesme.com/download/326946/SME_IPO%20InPrinciple/DRHP_20250930184332.pdf, on the website of the BRLM at www.hemsecurities.com and also on the website of the Company https://www.phychem.com/ Our Company invites the public to give comments on the Draft Red Herring Prospectus filed with BSE SME with respect to disclosures made in the Draft Red Herring Prospectus. The public is requested to send a copy of the comments to the Company Secretary & Compliance Officer of our Company, and/or to the BRLM at their respective addresses mentioned below. All comments must be received by our Company, and/or the Company Secretary & Compliance Officer of our Company, and/or to the BRLM in relation to the issue on or before 5.00 p.m. on the 21st day from the aforementioned date of filing of the Draft Red Herring Prospectus with BSE SME.

Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Issue unless they can afford to take the risk of losing their investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of the Company and the issue, including the risks involved. The Equity Shares issued in the issue have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the Draft Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to ***"Risk Factors"*** on page 26 of the Draft Red Herring Prospectus.

Any decision to invest in the equity shares described in the Draft Red Herring Prospectus may only be taken after a Red Herring Prospectus has been filed with the ROC and must be made solely on the basis of such Red Herring Prospectus as there may be material changes in the Red Herring Prospectus from the Draft Red Herring Prospectus. The equity shares, when offered through the Red Herring Prospectus, are proposed to be listed on the "BSE SME". For details of the share capital and capital structure of our Company and the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares subscribed by them of our Company, see "Capital Structure" beginning on page 62 of the Draft Red Herring Prospectus. The liability of the members of our Company is limited. For details of the main objects of our Company as contained in our Memorandum of Association, see "History and Corporate Structure" beginning on page 138 of the Draft Red Herring Prospectus.

The BRLM associated with the Issue has handled 69 Public Issues in the past three years, out of which 3 issue was closed below the Issue/ Offer Price on listing date:

| Name of BRLM | Total Issue | | Issue closed below IPO Price on listing date |
|---|---|---|---|
| | Mainboard | SME | |
| Hem Securities Limited | 2 | 67 | 3 (SME) |

**BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE**

Hem Securities

**HEM SECURITIES LIMITED**
**Address:** 904, A Wing, Naman Midtown, Senapati Bapat Marg, Elphinstone Road, Lower Parel, Mumbai-400013, Maharashtra, India
**Tel. No.:** +91- 22- 49060000;
**Email:** ib@hemsecurities.com
**Investor Grievance Email** redressal@hemsecurities.com
**Website:** www.hemsecurities.com
**Contact Person:** Roshni Lahoti ; **SEBI Regn. No.** INM000010981

**REGISTRAR TO THE ISSUE**

MUFG MUFG Intime

**MUFG Intime India Private Limited**
**(Formerly Link Intime India Private Limited)**
**Address:** C-101, Embassy 247, L.B.S. Marg, Vikhroli (West), Mumbai 400 083, Maharashtra, India.
**Tel No.:** +91-8108114949
**Email:** phychemtechnologies.smeipo@in.mpms.mufg.com
**Investor Grievance Email:** phychemtechnologies.smeipo@in.mpms.mufg.com
**Website:** www.in.mpms.mufg.com ; **Contact Person:** Shanti Gopalkrishnan
**SEBI Registration Number:** INR000004058 ; **CIN:** U67190MH1999PTC118368

**COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER**

**PHYCHEM TECHNOLOGIES LIMITED**
Pooja Sharma
**Registered Office:** Gat No. 172, Khatwad, Dindori, Nashik, Maharashtra, India – 422004.
**E-mail:** cs@phychem.com, **Tel.:** +91-95187-20873, **Website:** www.phychem.com

**All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Draft Red Herring Prospectus.**

**PHYCHEM TECHNOLOGIES LIMITED**
**On behalf of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Pooja Sharma**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place:** Nashik
**Date:** October 01, 2025

**Disclaimer:** Phychem Technologies Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the Draft Red Herring Prospectus on September 30, 2025. The Draft Red Herring Prospectus is available on the website of BSE SME at https://www.bsesme.com/download/326946/SME_IPO%20InPrinciple/DRHP_20250930184332.pdf and is available on the websites of the BRLM at www.hemsecurities.com and also on the website of the Company https://www.phychem.com/ Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see the section titled ***"Risk Factors"*** beginning on page 26 of the Draft Red Herring Prospectus. Potential investors should not rely on the Draft Red Herring Prospectus for making any investment decision.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the ***"Securities Act"***) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation "S" under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such issues and sales are made. There will be no public offering in the United States.